Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to develop Dardha River front in Jehanabad city, Bihar-laid.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): जहानाबाद शहर में हॉस्पीटल मोड़ के पास दरधा नदी पुल के पास उत्तरी किनारे से श्यामनगर के पुल तक रिवर फ्रंट के निर्माण की अविलंब आवश्यकता है ।

रिवर फ्रंट की परियोजना पूरी होने से शहर के विकास को बल मिलेगा तथा वहां के लोगों को इससे आवागमन में भी भारी सहुलियत मिलेगी । नए प्रोजेक्ट के जमीन पर उतरने से शहर के विकास को जहां बल मिलेगा वहीं इससे नदी किनारे लगातार हो रहे अतिक्रमण पर भी लगाम लगाने में प्रशासन को मदद मिलेगी ।

यह शहर के विकास में मील का एक बड़ा पत्थर साबित होगा । इससे शहर की खूबसूरती में भी चार चांद लग जाएंगे एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा । मैं आवासीय एवं शहरी विकास मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि अपने मंत्रालय के अंतर्गत चल रही किसी भी स्कीम (जैसे- अमरुत या अन्य) के माध्यम से जहानाबाद शहर को यह अद्‌भुत सौगात दें और इस प्रोजेक्ट को पूरा करवाएं ।

इसमें अगर बिहार सरकार से कोई सहयोग लिया जाना जरूरी है तो वह भी करवाना सुनिश्चित करें ।